सूचना एवं जन संपर्क कार्यालय, चतरा

★ प्रेस विज्ञप्तिः 01

🌀02 मार्च 2023

कृषि एवं वनोपज आधारित जीविकापार्जन विषयक पर एक दिवसीय कार्यशाला का किया गया आयोजनसमाहरणालय स्थित सभा कक्ष में उपायुक्त श्री अबु इमरान की अध्यक्षता में कृषि एवं वनोपज आधारित जीविकापार्जन विषयक पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यशाला में जिला सहकारिता पदाधिकारी नीलम कुमारी ने बताया कि कृषि एवं वनोपज जैसे धान, गेहूं, सब्जी-फल, लाह, ईमली, कोदो, कुटकी, सरगुजा, चिरौंजी, साल, आंवला, महुआ, करंज, हर्रे, बहेरा, रेशम आदि का उत्पादन, संकलन, प्रसंस्करण, अनुसंधान तथा विकास की विभिन्न गतिविधियों को सहकारी आधार पर संगठित करना, क्रय-विक्रय एवं वितरण की ऐसी व्यवस्था करना जिससे की सदस्यों को सर्वोत्तम लाभ मिले।

उपायुक्त श्री अबु इमरान ने कहा कि राज्य में कृषि उपज के अलावा अन्य वनोत्पादों की बहुत सारी विविधता होती है जिसमें इमली, महुआ, साल बीज, पत्ते, लाह, करंज, चिरौंजी और बहुत से अन्य प्रकार के वनोत्पाद शामिल होते हैं। ये उत्पाद ग्रामीण समुदायों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण होते हैं, क्योंकि ये उनके लिए मुख्य आय स्रोत के रूप में काम करते हैं। ग्रामीण समुदायों को इन उत्पादों के लिए उचित मूल्य नहीं मिल पाता जिसके कारण उन्हें अपने जीवनस्तर में सुधार लाने का मौका नहीं मिल पाता है। बिचौलियों द्वारा उनका विभिन्न स्तर पर शोषण किया जाता है। सहकारिता का उद्देश्य है ग्रामीण समुदायों को अपने उत्पादों के लिए उचित मूल्य मिल सके और उनके जीवनस्तर में सुधार आ सके। इसके अलावा, ग्रामीण समुदायों को उनके वनोत्पादों की मार्केटिंग, उत्पादों की गुणवत्ता बढ़ाने के बात भी कही।

उक्त मौके पर वन प्रमंडल पदाधिकारी उत्तरी राहुल मीना, अपर समाहर्ता पवन कुमार मंडल, डीआरडीए निदेशक अरुण कुमार एक्का, कृषि पदाधिकारी अशोक सम्राट, आपूर्ति पदाधिकारी सलमान जफर खिजरी, सहकारिता पदाधिकारी नीलम कुमारी, जेएसएलपीएस से अनिल डुंगडुंग,जिले के सभी पैक्स के अध्यक्ष और सदस्य समेत अन्य सभी सबंधित उपस्थित थे।

नशा करता है खराब, चतरा वासिओं आओ मिलकर करें इसका बहिष्कार।

==================================

#TeamIPRDChatra